मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–13, अंक–7, नवंबर 2012

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने किया शानदार नतीजों का ऐलान



बुनियादी ढांचा क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने पिछली कुछ तिमाहियों से लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली दो तिमाहियों के दौरान चुनौतीपूर्ण हालात के बावजूद कामधेनु इस्पात का वित्तीय प्रदर्शन अच्छा रहा है।

30 सितंबर 2012 को खत्म हुई पहली छमाही में कामधेनु इस्पात लि. ने 195.62 लाख रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है, जो 2010–11 के समान अवधि के 159.09 लाख रुपये से 23 प्रतिशत ज्यादा है। इस दौरान कंपनी की कुल आय भी 8 प्रतिशत बढ़कर 24658.52 लाख रुपये हो गई।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सतीश अग्रवाल ने कंपनी के प्रदर्शन पर कहा, "कंपनी लगातार विकास की ओर अग्रसर है। हम बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए सही रणनीति पर काम कर रहे हैं। यही कारण है कि कंपनी मुनाफा कमा रही है और इसका लाभ अपने शेयरहोल्डर्स को भी दे रही है।"

वैश्विक बाजार के हालात और कामधेनु इस्पात लिमिटेड के प्रदर्शन पर आगे श्री अग्रवाल ने कहा, "स्टील इंडस्ट्री इस समय चुनौतीपूर्ण हालात से गुजर रही है। हालांकि भारतीय स्टील बाजार में अभी मांग कायम है। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखकर हमने अपने आप को बाजार की समस्याओं के लिए पहले से तैयार किया है और हमारा पूरा ध्यान सर्विस और सामान की सही समय पर डिलीवरी के ऊपर है। साथ ही कंपनी अपने डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स पर भी खास ध्यान दे रही है।"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सौरभ अग्रवाल के मुताबिक, "कंपनी अपने कारोबार के सभी क्षेत्रों में लगातार विकास कर रहा है। लेकिन पेंट क्षेत्र में विकास की रफ्तार बेहद प्रभावशाली है। कंपनी पेंट क्षेत्र में विकास की रफ्तार और तेज करने के लिए पर्यावरण के अनुकूल नए उत्पाद उतारने जा रही है।"

इन्फ्रास्ट्रक्चर बिजनेस में नए आयाम और नये रास्ते तलाशना कंपनी की कारोबारी रणनीति का हिस्सा है। कंपनी ने भारत में घरेलू बाजार की जरूरत को समझा है और इसी को ध्यान में रखकर अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान कर उनकी जरूरतों को पूरा किया है। कंपनी ने ग्राहकों के साथ एक नए तरह का विश्वास कायम किया है।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड फ्रेंचाइजी बिजनेस मॉडल के आधार पर भी काम कर रही है। कंपनी कई स्टील मैन्यूफेक्चरिंग प्लांट के साथ मिलकर अपने ब्रांड्स की मार्केटिंग कर रही है। कंपनी के पास मार्केटिंग डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स का एक बड़ा नेटवर्क है, जिसकी मदद से कंपनी को बाजार में अपनी पकड़ मज़बूत करने में मदद मिली है।

> "विपरीत बाजार परिस्थितियों के बावजूद पहली छमाही के दौरान कंपनी के पेंट डिविजन के विकास की रफ्तार बेहद शानदार रही"



# बराक ओबामा फिर बने अमेरिका के राष्ट्रपति

बराक ओबामा को अमेरिकी जनता ने दोबारा अपना राष्ट्रपति चुन लिया है। 7 नवंबर को बराक ओबामा को दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने का ऐलान किया गया।

बराक ओबामा ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार मिट रोमनी को भारी अंतर से हराया। डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीद बराक ओबामा को 303, जबकि मिट रोमनी को सिर्फ 206 इलेक्ट्रोरल वोट मिले।

बराक ओबामा और मिट रोमनी के बीच कांटे की टक्कर की उम्मीद थी। लेकिन ओबामा ने बड़ी आसानी से रोमनी को शिकस्त दे दी। हालाँकि चुनावों से पहले बराक ओबामा की लोकप्रियता में कमी आई थी। लेकिन अमेरिका में समुद्री तूफान सैंडी की तबाही के बाद राहत और बचाव कार्य में तेजी से ओबामा की लोकप्रियता में इजाफा हुआ।

बराक ओबामा की जीत पर भारत सहित कई देशों के प्रमुखों ने उन्हें बधाई दी है। बराक ओबामा के दोबारा राष्ट्रपति बनने से भारत और अमेरिका के बीच संबंध और अच्छे होने की उम्मीद है।

## दिल्ली में प्रापर्टी खरीदना हुआ महंगा

दिल्ली में घर खरीदना अब और महंगा हो गया है। दिल्ली सरकार ने सर्किल दरों में 22 प्रतिशत से 200 प्रतिशत तक की बढोत्तरी कर दी है। सर्किल दर संपत्ति का वह न्यूनतम मूल्य होता है, जिस पर रजिस्ट्री होती है।

सरकार ने मुख्य रूप से संपत्ति सौदों में काले धन पर अंकुश लगाने के मकसद से सर्किल दरों में बढ़ोत्तरी की है। हालाँकि इससे नौकरी




पेशा लोगों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

ए श्रेणी की कालोनियों में सर्किल दरों में 200 प्रतिशत तक का इजाफा किया गया है, जबकि बी श्रेणी की कालोनियों के लिए दरें 50 प्रतिशत बढ़ाई गई हैं। बाकी कालोनियों में सर्किल दरों में 22 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है।

ग्रेटर कैलाश, डिफेंस कालोनी, गुलमोहर पार्क, पंचशील एंक्लेव, आनंदलोक, ग्रीन पार्क, गोल्फ लिंक तथा हौज खास जैसी ए श्रेणी कालोनी के लिये यह दर 6.45 रुपये लाख प्रति वर्ग मीटर तय की गयी है जबकि पहले यह 2.15 लाख रुपये प्रति वर्ग मीटर थी।

## अजमल कसाब को मिली फांसी




26 नवंबर 2008 को मुम्बई पर हुए आतंकवादी हमले में जिंदा गिरफ्तार किए गए एकमात्र पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल आमिर कसाब को 21 नवंबर को फांसी दे दी गई। कसाब को पुणे की ऐतिहासिक यरवडा जेल में फांसी पर लटका दिया गया। कसाब मुम्बई में आतंकवादी हमला करने वाले 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों में शामिल था। इस हमले में 166 लोग मारे गए और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

कसाब स्वतंत्र भारत में पहला विदेशी नागरिक था जिसे फांसी दी गई। राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा पांच नवंबर को कसाब की दया याचिका खारिज किए जाने के बाद ही उसे फांसी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। कसाब के फांसी की प्रक्रिया को बेहद गुप्त रखा गया था। इसकी जानकारी प्रधानमंत्री, कुछ चुनिंदा मंत्रियों और अधिकारियों को ही थी।

कसाब ने जब मुंबई हमले को अंजाम दिया तब वह 21 साल का था। उसे हत्या, भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने व हथियार रखने सहित चार जुर्मों में फांसी और पांच जुर्मों में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।

उसे सबसे पहले छह मई, 2010 को निचली अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी।

# कामधेनु ने दिल्ली में शुरू किया एक्सक्लूसिव स्टोर



कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने दिल्ली के ईस्ट कृष्णा नगर में स्वर्ण सिनेमा के सामने कंपनी का पहला एक्सक्लूसिव स्टोर खोला है। मैसर्स पारस स्टील के इस स्टोर में सिर्फ कामधेनु के उत्पाद ही मिलेंगे।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड़ के डायरेक्टर श्री सौरभ अग्रवाल ने पूरे जोश के साथ 29 अक्टूबर को कंपनी के पहले एक्सक्लूसिव स्टोर का उद्घाटन किया। इस मौके पर श्री सचिन अग्रवाल, डायरेक्टर, श्री राजीव शर्मा, एसजीएम, श्री सुशील भारद्वाज, एजीएम, श्री पंकज आजाद, मैनेजर (मार्केटिंग), श्री लवजीत सिंह, मैनेजर (ब्रैंड प्रोमोशन) जैसे कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इसके अलावा मैसर्स पारस स्टील के प्रोपराइटर श्री संजय जैन और कामधेनु के डिस्ट्रीब्यूटर्स श्री मामन चंद गोयल, श्री गुलशन गुप्ता, श्री नरेश गर्ग, श्री राजन दुआ, श्री संजय मित्तल जैसे गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस मौके पर कामधेनु के 100 से ज्यादा डीलर्स ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

श्री सौरभ अग्रवाल ने कामधेनु के एक्सक्लूसिव स्टोर को ग्राहकों को कंपनी के उत्पाद मुहैया कराने की दिशा में अच्छा कदम बताया। उन्होंने कहा, "यह तो केवल शुरुआत है। हम जल्दी ही देश के अन्य शहरों में भी एक्सक्लूसिव कामधेनु स्टोर खोलेंगे ताकि ग्राहकों को और बेहतर तरीके से कंपनी के उत्पाद और सेवाएं मुहैया कराई जा सकें। इन स्टोर्स में कंपनी के सभी उत्पाद उपलब्ध रहेंगे।"

इस स्टोर में एक ही छत के नीचे कामधेनु के सभी उत्पाद मिलेंगे। मतलब ग्राहकों को टीएमटी, स्ट्रक्चरल स्टील, कामधेनु पेंट (***Colour Dreamz***) और अन्य कंस्ट्रक्शन मैटेरियल भी मिलेगा।




# कामधेनु ने धूमधाम से मनाई दीवाली



कामधेनु परिवार में सभी त्यौहारों को धूमधाम से मनाने की लंबी परंपरा रही है। कामधेनु त्यौहारों को सभी लोगों को करीब से जानने और उनके जीवन में जोश भरने के बेहतरीन मौके के तौर पर लेती है।

इसी कड़ी में 11 नवंबर को कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने दीवाली उत्सव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सतीश अग्रवाल, डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल, सीएफओ श्री हरीश अग्रवाल जैसे कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



श्री सतीश अग्रवाल ने इस मौके पर कहा, "मैं आप सभी को दीवाली की मंगलमय शुभकामना देता हूँ। त्यौहार हमें एक नई रचनात्मक ऊर्जा से सराबोर कर देते हैं ताकि हम कड़ी से कड़ी चुनौतियों का भी डटकर मुकाबला कर सकें। कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपनी प्रगति के रास्ते में आने वाली हर रूकावट का डटकर मुकाबला करेगी।"

इस उत्सव पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने कंपनी के सभी वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों को दीवाली की शुभकामनाएं दी।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री दर्शन कुमार
श्री अंकित गुप्ता
**मैसर्स अंकित–डी स्टील एण्ड इलेक्ट्रिकल स्टोर**
जी टी रोड, सुजानपुर, जिला– गुरदासपुर
फोन. 0186–2244211, 2241211
मो. 9815253311, 9888145102

श्री नरेन्द्र दलाल, श्री नरेन्द्र देशवाल,
श्री सुभाष कपूर
**मैसर्स बुनियाद बिल्डर्स**
सोनीपत रोड, शीला बाइपास
नार्थ रेलवे क्रासिंग, रोहतक (हरियाणा)
मो. 9416352611, 9355670036, 09315880781

श्री सचिन मंगला
**मैसर्स चुन्नी लाल राम किशोर**
यू 69 बी, लामपुर रोड, नारेला, दिल्ली
मो. 9891067929, 9212567929

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14



# राजस्थान के दबंग की शानदार उपलब्धि





"कामधेनु पेंट्स चाहती है कि **Colour Dreamz** ब्राण्ड की धाक देश के हर हिस्से में जम जाए। इसके लिए कंपनी लगातार बेहतरीन उत्पाद पेश करने के साथ अपने साथ जुड़े डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को लगातार प्रोत्साहित भी कर रही है।"

**श्री सौरभ अग्रवाल**
**डायरेक्टर, कामधेनु इस्पात लिमिटेड**

कामधेनु पेंट्स अपने डीलर्स को बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए लगातार प्रोत्साहित करती रहती है। इसी कड़ी में कामधेनु पेंट्स ने राजस्थान में रतनगढ़ के नटराज बिल्डिंग मैटेरियल के प्रोपराइटर श्री संतोष पारीख को नई नवेली मारुति वैगन–आर कार का इनाम दिया है। श्री पारीख ने कंपनी की अपेक्षाओं के अनुसार प्रदर्शन किया है।

कंपनी के एएसएम श्री अजय शर्मा ने श्री संतोष पारिख को मारुति वैगन–आर कार की चाभियाँ सौपीं। इस मौके पर श्री पारीख ने कंपनी का आभार जताते हुए आगे भी बेहतरीन प्रदर्शन करने का इरादा जताया।

# बिहार में डीलर मीट का आयोजन



स्टील और पेंट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड देश भर में अपना डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क मजबूत करने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में कंपनी ने बिहार के गया, रोहतास, औरंगाबाद और डेहरी–ऑन–सोन जैसे जिलों में विशाल डीलर मीट का आयोजन किया।

25 से 30 सितंबर के बीच आयोजित इन डीलर्स मीट में 125 से ज्यादा डीलर्स ने शिरकत की। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के जनरल मैनेजर (मार्केटिंग) श्री वाई आर पंडिता के अलावा श्री कृष्ण कुमार ने श्री अनुज कुमार, डिस्ट्रीब्यूटर, के साथ मिलकर डीलर्स मीट को संबोधित किया।

इस मौके पर राज्य के डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने तमाम मुद्दों पर चर्चा की। डीलर्स को संबोधित करते हुए श्री पंडिता ने कहा, "बिहार कामधेनु इस्पात लिमिटेड के लिए अहम राज्यों में से एक है, जहाँ बड़े पैमाने पर कंपनी के ग्राहक हैं। चूँकि राज्य में बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कई परियोजनाएं चल रही हैं, ऐसे में कंपनी के पास टीएमटी सरिया और स्ट्रक्चरल स्टील जैसे उत्पादों की पकड़ बढ़ाने के अच्छे मौके हैं।"

डीलर्स मीट में कंपनी के अधिकारियों ने भारी प्रतिस्पर्धा के दौर में अपनी मार्केटिंग रणनीतियां साझा की। श्री पंडिता ने कहा, "हमें ग्राहकों को कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की ओर खींचना होगा। हमें सुनिश्चित करना होगा कि ग्राहकों को कामधेनु के उत्पाद प्रतिस्पर्धी कीमत पर मिले। कंपनी इस दिशा में डीलर्स के प्रयासों की सराहना करती है।"

कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उपस्थित डीलर्स का उत्साह बढ़ाया। डीलर्स ने कंपनी के अधिकारियों से कई सवाल भी पूछे, जिनका समुचित जवाब दिया गया।

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com